Title: Need to restore services of specialist doctors in CGHS Dispensary no. 79, Vivek Vihar, Delhi.

15.20 hrs.

श्री लाल बिहारी तिवारी (पूर्वी दिल्ली): सभापति जी, पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में, जो कि मेरा संसदीय क्षेत्र है, में एक सी.जी.एच.एस. डिस्पेंसरी नं. ७९ चल रही है, जिसमें वहां कि दि प्लानिंग कमीशन कोआपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसायटी के प्रतिनिधियों ने मांग की है कि इस डिस्पेंसरी में सप्ताह में एक बार स्पेशलिस्ट डाक्टर विजिट करे, जिससे वहां के रोगियों की जांच सही ढंग से की जा सके।

इस क्षेत्र में बहुत से रिटायर्ड सरकारी अधिकारी रहते हैं, जो हमारे सीनियर सिटीज़न हैं। स्पेशलिस्ट न होने के कारण इन लोगों को ३०-३५ किलोमीटर दूर राम मनोहर लोहिया अस्पताल तक आना-जाना पड़ता है, जिससे इनकी समय की बर्बादी होती है और मानसिक पीड़ी भी होती है। उनका कहना है कि यहां पर यह फैसिलिटी पहले थी, जो साल भर पहले हटाई गई है।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि स्पेशलिस्ट डाक्टर को वहां पुनः भेजा जाये। वैसे भी यू.एन.ओ. ने वर्ष १९९९ को एलडर्स का वर्ष घोषित किया है। इस भावना को देखते हुए इस कार्य को तुरन्त किया जाना चाहिए।